# Kanpur Defense Corridor: डिफेंस कॉरीडोर फोरलेन का रास्ता साफ, 217 करोड़ से बनेगी रोड

कानपुर में डिफेंस कॉरिडोर तक पहुंच को आसान बनाने के लिए सरसौल के नर्वल मोड़ से फोरलेन रोड बनाई जाएगी। 16 किमी लंबी इस सड़क में एक आरओबी एक पुल के साथ ही 18 मीटर चौड़ी रोड का निर्माण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के लिए 217 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। इस सड़क के बनने से फतेहपुर हमीरपुर महोबा और मध्य प्रदेश तक सीधी पहुंच होगी।



**जागरण संवाददाता, कानपुर।** डिफेंस कॉरीडोर तक पहुंच का आसान बनाने के लिए सरसौल के नर्वल मोड़ से फोरलेन रोड बनाई जाएगी। 16 किमी लंबी इस रोड में एक आरओबी, एक पुल के साथ ही 18 मीटर चौड़ी रोड का निर्माण किया जाएगा।

लोक निर्माण विभाग ने डिफेंस कॉरीडोर तक रोड बनाने के लिए 217 करोड़ रुपये का बजट मांगा है, जो पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव से 12 करोड़ रुपये अधिक है। शासन जल्द ही प्रस्ताव को वित्त व्यय समिति के सामने भेजेगा। इसी वित्तीय वर्ष में सड़क के बजट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है।

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण 206 हेक्टेयर में साढ़-कुढ़नी रोड पर डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना कर रहा है। अभी यहां पहुंचने के लिए सरसौल और रमईपुर से टू लेन सड़क बनी है। ऐसे में सरसौल से नर्वल होते हुए साढ़ तक की सड़क को टू लेन से फोरलेन करने का प्रस्ताव 204 करोड़ रुपये का तैयार किया गया था।

बीते दिनों शासन ने पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव में कमियों को दुरुस्त करके तत्काल संशोधित प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने दोबारा से प्रस्ताव तैयार किया। 16.100 किमी लंबी सड़क के चौड़ीकरण के लिए पीडब्ल्यूडी ने दोबारा से 217 करोड़ का संधोधित प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजा है। प्रस्ताव को वित्त व्यय समिति के सामने स्वीकृति के लिए जल्द रखा जाएगा।



*डिफेंस कॉरीडोर तक रोड बनाने के लिए मांगा गया 217 करोड़ रुपये का बजट। जागरण*

अभी नर्वल मोड से साढ़ होते हुए डिफेंस कारीडोर तक पांच से सात मीटर चौड़ी सड़क है, लेकिन अब यह रोड दोनों ओर नौ-नौ मीटर चौड़ी होगी। इसके साथ ही इस रोड पर नर्वल मोड़ के पास आठ सौ मीटर रेलवे ओवर ब्रिज और इससे आगे सचौली में 71 मीटर लंबे पुल का निर्माण करने के लिए पहले ही बजट को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

### डिफेंस कॉरीडोर से फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट की राह होगी आसान

डिफेंस कॉरीडोर बनने फतेहपुर, हमीरपुर, महोबा के साथ ही मध्य प्रदेश तक सीधी पहुंच होगी। अभी फतेहपुर और हमीरपुर से होते हुए चित्रकूट और मध्य प्रदेश के अलग-जिलों में आवागमन होता है। इन जिलों के लिए टू लेन रोड के साथ ही व्यवसायिक वाहनों के लोड के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।

जागरण

> नर्वल मोड़ से डिफेंस कॉरीडोर तक फोरलेन सड़क निर्माण के लिए संशोधित प्रस्ताव भेज दिया गया है। इस वित्तीय वर्ष में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसको प्रयागराज हाईवे से जोड़कर बनाया जाएगा। *-अनिल कुमार, अधीक्षण अभियंता, पीडब्ल्यूडी*

ऐसे में डिफेंस कॉरीडोर बनने से अतिरिक्त मार्ग आवागमन के लिए मिलेगा। डिफेंस कारीडोर को प्रयागराज हाईवे से सीधे कानपुर-सागर हाईवे से रमईपुर से साढ़ होते हुए जहानाबाद होते हुए बांदा और हमीरपुर पहुंचना आसान होगा। इसके साथ ही डिफेंस कॉरिडोर में औद्योगिक इकाइयां लगाने के दौरान मशीनरी और कल-पुर्जे भारी वाहनों द्वारा लाने-ले जाने के लिए बेहतर सड़क भी मिलेगी। वहीं इससे आस-पास के गांव का विकास होने के साथ ही रोजगार के संसाधन भी बढ़ेंगे।